मुझे बेटा कह के पुकारो माँ

मुझे बेटा कह के पुकारो माँ,
मुझे गोदी में ले प्यार करो, मेरे बिगड़े काज सवारों माँ।

बेटा बेटा कह के पहले हर एक माता बुलाती है,
मीठी मीठी बातें करके माँ कहना सिखलाती है।
तेरी जो रीत निराली है, तू चुप क्यूँ जग की वाली है,
मेरा छिक्वा जरा विचारों माँ, मुझे बेटा कह के पुकारो माँ॥

मुश्किल में हर बेटा अपनी माँ के गले लग जाता है,
हर एक दुःख को भूल गया जो माँ की ममता पाता है।
आ संकट मुझे सताए माँ, आ विपदा मुझे रुलाये माँ,
मेरी ऐसी नज़र उतारो माँ, मुझे बेटा कह के पुकारो माँ॥

मोह ममता के जाल में फस के मैं हूँ दर दर भटक रहा,
पड़ा गले जन्मो का फंदा मर मर के भी लटक रहा।
मेरे लोभ पे अपनी जीत करो, मेरे क्रोध को ज्वाला शांत करो,
मेरा मान शैतान है मारो माँ, मुझे बेटा कह के पुकारो माँ॥

तेरे तो है लाखों बेटे फिर तू क्यूँ मजबूर रहे,
है 'अतुल' की एक ही माता, क्यूँ बेटे से दूर रहे।
कोई मुझ सा बदनसीब नहीं, मुझे माँ का प्यार नसीब नहीं,
मुझे भव सागर से तारो माँ, मुझे बेटा कह के पुकारो माँ॥

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/601/title/mujhe-beta-keh-ke-pukaaro-maa

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |